# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 20.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1-नशीले इंजेक्शनों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार,थाना कटघरः-



अवगत कराना है आज दिनांक 20.10.2024 को उ0नि0 श्री हरेन्द्र कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी फहीम पुत्र मौ0 यासीन निवासी मौहल्ला दरगाह नूरानी मस्जिद थाना कटघर, मुरादाबाद को 50 इन्जेक्शन (Buprenos phine 2 ml) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-516/2024 धारा-8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## 2.थाना कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 03 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.10.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण 1. मोहसीन पुत्र जाफर अली निवासी फ्रेन्डस आपर्टमेंट काशीपुर तिराहा चौकी थाना कटघर,मुरादाबाद 2. धर्मवीर पुत्र सरोज निवासी गोविन्द नगर थाना कटघर,मुरादाबाद 3.विशाल पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम मछरिया थाना कटघर,मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**3. थाना कटघर पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार।**



अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आज दिनांक 20.10.2024 को थाना कटघर पुलिस ने वारंटी शकील पुत्र शौकत निवासी ख्वाजा नगर थाना कटघर,मुरादाबाद सम्बन्धित मु0अ0सं0- 10/09 धारा- 147/452/504/506 भादवि थाना कटघर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**4. थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रान्तर्गत चौकी रेल स्थित बोनी ऐनी स्कूल के पास आवास विकास कॉलोनी में घर से हुई चोरी का थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा किया गया सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार व चोरी का माल पीली धातु के गहने कुल वजन करीब 158 ग्राम व सफेद धातु के बर्तन कुल वजन करीब 115 ग्राम व नकद 5,12,100/- रुपये बरामद ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन्स के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा वादी की तहरीर पर दि0 19.10.2024 को थाना सिविल लाइन्स पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 949/2024 धारा 305,351(2) बी0एन0एस0 बनाम शीतल आदि का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तगण 1. शीतल पत्नि हरीश 2. हरीश पुत्र होरी लाल निवासीगण कपूर कम्पनी रेलवे क्वार्टर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद, 3. विनीत रस्तोगी उर्फ बन्टी सुनार पुत्र रमेशचन्द निवासी पीतल नगरी निकट ओपीडी स्कूल थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को रेलवे अस्पताल के पास चौकी क्षेत्र रेल थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद से आज दिनांक 20.10.2024 को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी का माल पीली धातु के गहने कुल वजन करीब 158 ग्राम व सफेद धातु के बर्तन कुल वजन करीब 115 ग्राम व नकद 5,12,100/- रुपये की बरामदगी की गयी । बरामदा गहनो व चांदी के बर्तन की बाजार मे कीमत करीब 12 लाख रुपये है । शेष विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



## पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ पर अभियुक्तगण ने बताया कि शीतल पत्नी हरीश कई वर्षो से जुहैब यार खान निवासी कोठी मौहम्मद यार खाँ आवास विकास थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद के घर पर साफ सफाई का काम करती थी परिवार के सभी सदस्य शीतल पर काफी विश्वास करते थे इन लोगो का होटल का बडा कारोबार है काफी अमीर परिवार है घर में काफी मात्रा में सोने चाँदी के गहने व नकदी रखी रहती थी जिसको देखकर शीतल के मन में लालच आ गया और वह करीब एक वर्ष से जुहैब यार खान के घर से थोडा थोडा नकदी व जेवर चोरी करके अपने घर पर लाकर इकट्ठा करती रही तथा शीतल व उसके पति हरीश ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर चोरी किये हुये गहनो को विनीत रस्तोगी उर्फ बन्टी सुनार निवासी पीतलनगरी थाना कटघर मुरादाबाद से सांठ गांठ करके ओने पोने दामों में बेचकर प्राप्त रूपये व चोरी किये अन्य नगदी से अपने खाली प्लाट पर मकान बना दिया तथा एक मोटर साईकिल भी खरीदी व शीतल व हरीश को जुहैब यार खान द्वारा इनके खिलाफ मुकदमा लिखाने की जानकारी हुयी तो इन लोगो ने बन्टी सुनार को भी यह बात बतायी तो यह लोग पुलिस के डर से बचकर चोरी के गहने व नकदी को छिपाने के लिये कही जा रहे थे कि पुलिस ने हमें पकड लिया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.शीतल पत्नी हरीश निवासी कपूर कम्पनी रेलवे क्वार्टर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

2.हरीश पुत्र होरी लाल निवासी कपूर कम्पनी रेलवे क्वार्टर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

3.विनीत रस्तोगी उर्फ बन्टी सुनार पुत्र रमेशचन्द निवासी पीतल नगरी निकट ओपीडी स्कूल थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

## बरामदगी का विवरणः-

1. एक पैण्डिल पीली धातु
2. दो नथ पीली धातु
3. एक जोडी कुण्डल पीली धातु
4. 07 अंगुठी पीली धातु
5. 02 टीके पीली धातु
6. 02 जोडी टॉप्स पीली धातु
7. 05 जोडी झुमकी पीली धातु
8. 02 चैन गले की पीली धातु
9. 02 कण्ठी माला पीली धातु

10.एक बर्तन कटोरा  सफेद धातु

11. पाँच लाख बारह हजार एक सौ रूपये नकद

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तागण -**

**अभियुक्तगण के शेष आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.व0उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

2.उ0नि0 श्री विनीत कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।.

3.उ0नि0 श्री लोकेन्द्र सिंह थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

4.उ0नि0 श्री अनुज कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

5.हे0का0 अजय नागर  थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

6.हे0का0 प्रमोद कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

7.म0हे0का0  किरन यादव थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

8.का0 कुलदीप कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

9.का0 टिंकू कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ।

**5.देशी बम के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोलाः-**

अवगत कराना है कि आज दिनांक 20.10.2024 को उ0नि0 श्री कुलदीप कुमार थाना मझोला पुलिस द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपीगण  1.संजीव कश्यप पुत्र सोमपाल निवासी सीतापुरी मंदिर वाली गली, दससराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2. मौ0 कैफ पुत्र रहीमुद्दीन निवासी मीना नगर निकट गुलशने फिरदौस मस्जिद थाना मझौला जनपद मुरादाबाद को 04 देशी बम सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-940/24 धारा- 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया।



## 6. चरस सहित एक आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोलाः-



अवगत कराना है आज दिनांक 20.10.2024 को उ0नि0 श्री कुलदीप कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सईम उर्फ शमीम मंत्री पुत्र शफीक निवासी टीचर्स कालोनी जयन्तीपुर थाना मझोला,मुरादाबाद को 160 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-941/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## 7.लूट की झूठी सूचना देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना छजलैटः-




अवगत कराना है दिनांक 19.10.2024 को यूपी 112 पर एक व्यक्ति द्वारा उसके साथ कुछ अज्ञात लोगो द्वारा मारपीट करने तथा 10,000/-रू0 लूट लेने के संबंध में सूचना दी। सूचना पर पीआरवी पुलिसकर्मी तथा उ0नि0 श्री विरेन्द्र सिंह थाना छजलैट मय पुलिसबल के मौके पर पहुचें तथा प्रकरण की जांच की गई ,जांचोपरान्त कॉलर रवि पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कुरी रवाना थाना छजलैट,मुरादाबाद द्वारा पुलिस को झूठी सूचना देने पाया गया तथा लोगों से आमदा फौजदारी हो रहा था। उ0नि0 श्री विरेन्द्र सिंह थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी रवि पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कुरी रवाना थाना छजलैट,मुरादाबाद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।